## खबर संक्षेप

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर संगीता वाशिंगटन ने तंबाकू के दुष्प्रभाव से विद्यार्थियों और स्टाफ को अवगत कराया प्राचार्य द्वारा तंबाकू के सेवन से होने वाले कैंसर जैसे जटिल रोगों के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही विश्व भर में तंबाकू के सेवन से होने वाले मृत्यु दर के आंकड़ों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर अन्य प्राध्यापकों द्वारा तंबाकू का सेवन न करने का आवाहन छात्रों से किया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर आरके चंदेल, नारद सिंह यादव, गुरुदत्त नामदेव, राधेश्याम बंदेवार सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार करने की गरज से निर्माण में की जा रही खानापूर्ति

# ना नाला, ना नदी, ना निवासी आखिर किसके लिए डोब पंचायत बना रही पुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की पृष्ठभूमि रचकर ग्राम पंचायत का प्रस्ताव उपयंत्री का एस्टीमेट सहायक यंत्री की तकनीकी स्वीकृति के बाद जनपद से प्रशासकीय स्वीकृति के बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। यहीं से भ्रष्टाचार की भी शुरुआत होती है। ये तामिया जनपद की ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण में सचिव सरपंचों के भोलेपन का फायदा उठाकर निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

ऐसा ही एक गंभीर मामला डोब ग्राम पंचायत के जमुनिया ग्राम में जो पुलिया बनाई जा रही है वह पूर्णतया उद्देश्य हीन है। केवल सरकारी राशि हजम करने



के लिए यह पुलिया बनाई जा रही है क्योंकि जहां पर पुलिया बनाई जा रही है ना वहां पर नाला है, ना नदी है, ना ही वहां पर निवास करने वाले लोग हैं। आखिर किस उद्देश्य को लेकर यह पुलिया बनाई जा रही है। यह साफ समझा जा सकता है। यह पुलिया निर्माण किस मद से है। इसकी लागत कितनी है और इसका स्थल चयन किसने किया है। इसकी जानकारी देने वाला बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। लगाते भी कैसे क्योंकि जब भ्रष्टाचार ही करना है तो फिर क्या नियम कानून कायदे सारे बलाये ताक पर, इस तरह डोब ग्राम पंचायत के ग्राम जमुनिया में बनने वाली पुलिया केवल सरकारी राशि हजम करने के उद्देश्य बनाई जा रही है।

अब सवाल यह उठता है कि पुलिया बन रही है तो ग्राम पंचायत का प्रस्ताव कब बना उपयंत्री ने कब इस्टीमेट बनाया और सहायक यंत्री ने इसकी तकनीकी स्वीकृति कब दी। यह सारे जांच के विषय इस भ्रष्टाचार करने के लिए बनाई जा रही पुलिया में जांच के बाद सामने आएंगे। इस सेक्टर की उप यंत्री से इस पुलिया निर्माण के संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने पुलिया का लेआउट नहीं दिया ना मुझे पंचायत ने पुलिया शुरू करने संबंधी संपर्क किया।

इस तरह डोब ग्राम पंचायत के जमुनिया में बन रही पुलिया आखिर किस लिए बनाई जा रही है और इसकी निर्माण एजेंसी कौन है। दूसरी एजेंसी है तो इसका प्रस्ताव पंचायत ने कब दिया, वहीं कार्यालय से इसकी तकनीकी स्वीकृति कब दी गई। यदि इसकी जांच की जाएगी तो इस पुलिया निर्माण के अलावा ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यों में बड़ी गड़बड़ी उजागर होगी।

### पुलिस ने मौके पर पहुंच संभाला मामला

# बगैर सिर के मिला गाय का शव, फैली सनसनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत भमोड़ी में एक गाय का सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई । पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला संभाला और जांच शुरू कर दी है । मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भमोड़ी के वार्ड क्रं 11 स्थित तिराहा के पास नाली में गाय का संदिग्ध स्थिति मे शव मिलने पर सनसनी फैल गई । शनिवार सुबह मार्निंग वाक पर जाने वालों ने गाय के शव को देखा। इसके बाद आसपास के लोग एकत्रित होने लगे । गाय का गला एक तरफ से कटा हुआ था । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने इसकी सूचना पुलिस के अधिकारियों को दी। मौके पर एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट, थाना प्रभारी अरूण मर्सकोले, चौकी प्रभारी अक्रजय धुर्वे पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और जांच कार्यवाही की । गाय की मालिक भमोड़ी निवासी गुणवती विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी गाय शुक्रवार सुबह दस बजे के बाद वापस नही लौटी थी । गाय की हत्या का शक जताते हुये हिंदूवादी संगठनो ने विरोध व्यक्त किया । बस स्टैंड भमोड़ी में सांकेतिक चकाजाम किया गया । पुलिस अधिकारियों के द्वारा निष्पक्ष जांच तथा कठोर कार्यवाही का भरोसा दिलाये जाने के बाद मामला शांत हुआ । भमोड़ी कोलपुरा स्थित मोक्षधाम के पास गाय के शव का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सक डा उषा क्षत्रिय द्वारा किया गया । पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लोगों के बयान दर्ज किये हैं , तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है ।

# ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण जुन्नारदेव में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक जुन्नारदेव सुनील उईके ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर से खिलाड़ी ही नहीं बनते वरन अच्छे नागरिक बनने का भी पाठ सीखते हैं। समापन अवसर पर नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के अध्यक्ष रमेश सलोडे ने कहा कि 37 वर्षों की नगर की यह शिविर धरोहर है इसे जारी रखें का हर संभव प्रयास किया जाएगा ।

ज्ञात हो कि यह शिविर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देशानुसार एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर की अध्यक्षता में, खेल विभाग ,वेकोलि कन्हान एरिया,नपा जुन्नारदेव के सहयोग से उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव प्रांगण पर संचालित होता आ रहा है।ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी छात्र-छात्राओं एक माह तक चलने वाले इस शिविर में वॉलीबॉल विद्या के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास के हुनर भी सिखाते हैं जिसमें ड्राइंग तात्कालिक भाषण राष्ट्रीय



गीत नृत्य सहित अन्य विधाओं का समय-समय पर प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता कराई जाती हैशिविर समापन में खिलाड़ियों को पुरस्कार , स्वल्पाहार , प्रमाण पत्र एवं विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई । इस अवसर पर छिंदवाड़ा से पधारे समाजसेवी पूरन राजलानी जिला वालीबाल संघ के सचिव सुशील पटवा एवं अजय सिंह ठाकुर , बीएसएफ के एसीओ वतन बत्रा, प्राचार्य चंद्रशेखर दीक्षित अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, फुटबॉल कोच रहमतुल्लाह बेग, गुरूचरण खरे, नितिन राजोरिया, पार्षदगण सूर्यवंशी, अरुणेश जैसवाल, भाजपा संगठन से राजेश श्रीवास्तव , नितेश राजपूत 296 खिलाडी एवं उनके पालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षक डॉ प्रकाश अजवानी अनुरोध शर्मा , अनुराग शर्मा , धनंजय चौरसिया, पूर्वी कुमरे राजीव गौतम ,सादिक कुरैशी, पावेल सिंह, संजय बामने, महेंद्र डेहरिया, प्रशांत डेहरिया, परितोष चौरसिया नमन साहू, आकिब खान, राहुल बडोदे कु.हेमा, कु. प्राची, कु. सिल्वर आदि उपस्थित थे। समापन में विजेता टीम को ट्रॉफी, अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## शराब के नशे में सौतेले पिता ने पुत्र को उतारा मौत के घाट

**छिंदवाड़ा।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर परासिया रोड में सौतेले पिता ने अपने पुत्र को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी में देहात थाना टीआई जीएस राजपूत ने बताया कि घटना आज शाम की की है। जहां शंकर नगर निवासी आरोपी मोहम्मद इमरान खान पिता शेख यूनुस खान उम्र 38 साल निवासी शंकर के बीच अक्सर अपने सौतेले पुत्र अजहर खान पिता स्वर्गीय साबिर खान उम्र 25 साल से विवाद होता रहता था। ऐसे में आज शाम दोनों की बीच घर पर मारपीट कर चाकू से हमला कर आरोपी इमरान खान ने अपने पुत्र की हत्या कर दी । मृतक की मां सबनम के अनुसार पुत्र अजहर शराब पीने का आदि था अजहर कल से आरोपी को मारने छुरा लेकर घूम रहा था, शाम को दोनों घर के सामने आपस में लड़ पड़े मृतक के छुरे को छुड़ाकर आरोपी ने मृतक की हत्या कर दी। सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर देहात थाना पुलिस के पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया है। आरोपी इमरान खान घटना के बाद से भाग गया है मौके पर देहात थाना प्रभारी , वैज्ञानिक अधिकारी , फिंगरप्रिंट अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद है। आरोपी की तलाश हेतु टीम रवाना की गई है।

## मां अहिल्या ने महिला नेतृत्व को किया प्रोत्साहित: सांसद

**छिंदवाड़ा।** मां अहिल्या एक कुशल शासक से राजमाता और राजमाता से लोकमाता बनकर आज भी लोगों के हृदय पटल पर स्थापित है। देवी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था, लेकिन हम सौभाग्यशाली है कि उनका संपूर्ण जीवन मध्यप्रदेश में बीता। आज उनकी 300 वीं जयंती पर हम उनके बिंदु से विराट तक की यात्रा को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चल रहे है। उन्होंने नई शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा को सुलभ और सरल बनाया है। उन्होंने स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण निश्चित कर महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित किया है, जिसको उन्होंने नारी वंदन अधिनियम से लागू किया है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती के अवसर पर खजरी रोड स्थित गाडरी ढाना में धनगर, पाल एवं गडरिया समाज द्वारा आयोजित समारोह के दौरान व्यक्त किए। सांसद श्री साहू ने कहा कि मां अहिल्या अपने धर्म परायणता, न्यायप्रियता, परोपकार और राष्ट्रनिष्ठा के लिए जानी जाती है।

## पुलिस ग्राउंड में बच्चों को दिया मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण



**छिंदवाड़ा।** पुलिस ग्राउंड में चल रहे कार्यक्रम में विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं प्रदीपन संस्था के द्वारा बच्चों को विशेष मार्शल आर्ट प्रशिक्षक द्वारा मार्शल आर्ट सिखाई जा रही है। मार्शल आर्ट उपरांत आज एसजेपीयू से सहायक उप निरीक्षक दिनेश सोनी एवं प्र आर लोकेश बघेल, प्रधान आरक्षक सुरेश धुर्वे, एवं प्रदीपन से रामनाथ ऊके द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा जागरूकता एवं सामाजिक जागरूकता हेतु बच्चों को समझाइश दी गई, बच्चों की सभी प्रकार मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1098 के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम लगभग 200 बच्चों की उपस्थिति में संपन्न हुआ यह कार्यक्रम 19 मई से 6 जून तक 18 दिवस सृजन कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक जिला छिंदवाड़ा के मार्ग निर्देशन में प्रतिदिन किया जा रहा है।

## युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, डायल 112-100 ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के थाना तामिया क्षेत्र में मुंगसिया गाँव में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 30 मई को शाम 07:30 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल तामिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक अनिल भल्लावी एवं पायलेट रुपेन्द्र ठाकुर ने मौके पर पहुँचकर बताया कि अज्ञातकारणों से आत्महत्या के उदेश्य से अवसादग्रस्त 28 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था । डायल-112/100 जवानों ने पीड़ित युवक को एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर तामिया में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ित युवक का उपचार किया जा रहा है।

# किसानों को मिल रहा आधुनिक खेती करने का मौका: सांसद

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सहयोग से आज किसानों को आधुनिक खेती करने का मौका मिल रहा है। किसान खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर पा रहे है। जिससे किसानों को लाभ हो रहा है। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं से भी किसानों लाभान्वित किया जा रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम पंचायत घाट परासिया में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही।

उन्होंने कृषि में उन्नत तकनीक को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के साथ ही जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सांसद श्री साहू ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में अधिक से अधिक किसानो से भाग लेने की



अपील की। वैज्ञानिक दल प्रभारी डॉ डी सी श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों का दल ग्राम पंचायत घाट परासिया पहुंचा। जिसमें अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागों की विभिन्न योजनाओं से कृषकों को अवगत कराया गया एवं वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को नवीन तकनीक, नवाचार एवं उन्नत खेती की टिप्स बताए गए। कार्यक्रम अंतर्गत उद्यानिकी वैज्ञानिक श्रीमती रिया ठाकुर द्वारा सब्जीयों की फ़सलो के बारे में बताया गया। कृषि वैज्ञानिक श्रीमती चंचल भार्गव द्वारा उन्नत किस्मों के बीज संबंधी जानकारी कृषकों को दी गई। साथ ही मंच संचालन के साथ श्रीमती चंचल भार्गव द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्यों के बारे में जनप्रतिनिधि महोदय को विस्तार से बताया गया। कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी नीलकंठ पटवारी द्वारा कृषि विभाग में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# करणी सेना के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

### पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य मे करनी सेना बिछुआ ने जिला अध्यक्ष करनी सेना रणधीर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। विगत दिनों पाकिस्तानियो ने भारतवासियों के साथ जो अत्यचार किये थे उसके बदले में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया जो सफल हुआ जो हम भारतवासियों के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं था जिसकी सफलता के उपलक्ष्य मे करनी सेना जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे बिछुआ ब्लॉक अध्यक्ष संजू ठाकुर के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में पूरे जोश के साथ युवा साथियों ने हाथों में झंडा लेकर वन्देमातरम गान के साथ यात्रा की शोभा बढ़ाई। यात्रा ग्राम उल्हावाड़ी से होकर बिछुआ नगर में भ्रमण कर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में महामंडलेश्वर वैभव आलोनी महाराज जी, जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष संजू ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश ठाकुर, मुकुल ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, दौलत ठाकुर, गुलशन ठाकुर,टिंकू ठाकुर, नीलेश ठाकुर, हरिओम रघुवंशी, वेद पटेल, विवेक ठाकुर, सुमित ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर एवं रैली प्रभारी अभिजीत ठाकुर एवं बड़ी संख्या मे करनी सैनिक उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सौंसर में हुए आयोजन

**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शनिवार को पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी व सम्मान समारोह व संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई के प्रतिमा पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। आयोजन में प्रमुख अतिथि में जिला पंचायत सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व जिला अध्यक्ष राजू परमार, मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप दादू घाटोड़े,मोरेश्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते,जिला महामंत्री राहुल मोहोड, सौसर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे, भाजपा नेता इंदरचंद डागा,निलकंठ गोहत्रे, यशवंत तवले,आदि थे। आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड ने कहा कि सौसर क्षेत्र के साथ संपूर्ण मध्यप्रदेश और देश में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 जन्म जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जयंती उत्सव के साथ-साथ हमने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से भी सीख लेकर कार्य करना चाहिए।



### अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक

# 4 जून से शहर में फिर चलेगी अतिक्रमण हटाओ मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम सभाकक्ष में आज शनिवार को शहर में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छिंदवाड़ा एसडीएम श्री सुधीर जैन, निगमायुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय एवं पूर्व निगम अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र मिगलानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शहर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने शहर से अतिक्रमण को हटाए जाने की मुहिम का समर्थन करते हुए अपनी सहमति दी। इसके साथ ही पत्रकारों द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए




जाने को लेकर विभिन्न सुझाव भी साझा किए।

बैठक में अधिकारी द्वय द्वारा बताया गया कि अतिक्रमण हटाने का मुख्य उद्देश्य शहर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना तथा सड़क को आवागमन के लिए उपयोगी बनाना है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान 4 जून से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान शहर के व्यस्ततम मार्गों के साथ ही मुख्य सड़कों एवं बाजारों का स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाया जायेगा। बैठक में शहर की जनता से भी अपील की गई कि ऐसे कार्य जिससे अतिक्रमण को बढ़ावा मिले न करें। बैठक में निर्देश दिए कि ऐसे वाहन जो सड़क पर खड़े हो रहे है, उन पर लगातार चालानी कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों को विद्युत कनेक्शन न दिए जाए। इसके साथ ही पूर्व में दिए विद्युत कनेक्शन भी काटे जाए।

विभिन्न अवसरों पर शहर के डिवाइडर के बीच में अवैध रूप से होर्डिंग एवं फ्लेक्स लगाए जा रहे, इन्हें लगातार हटाने एवं इन पर कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही नए हॉकर्स जोन एवं पार्किंग स्थल के लिए भी सुझाव आमंत्रित किए गए। अतिक्रमण हटाने के लिए शहर के सभी चिन्हित स्थानों में नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त कार्यवाही करेंगे।

इस दौरान नगर पालिक निगम के सभापति श्री प्रमोद शर्मा, श्री राहुल बंटी उइके एवं श्री संजीव रंगू यादव, तहसीलदार श्री सच्चिदानंद त्रिपाठी, अतिक्रमण दल प्रभारी उपयंत्री श्री दिलीप सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री मोहन नागदेव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी, सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार भी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने इस मुहिम का पूरा समर्थन करने की बात कही।

## सेवानिवृत्त हो चुके गुरूजनों के घर जाकर उन्हें वंदना कर उन्हें भेंट प्रदान की

# 30 बरस पुरानी बैच ने आरडी स्कूल में मनाया पुनर्मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



गत दिनों स्थानीय आ.डी. स्कूल में 1993 में कक्षा 10 वीं के सहपाठियों ने 30 वर्ष उपरांत पुनर्मिलन समारोह मनाया और पुरानी यादें ताजा की। 1993 में मैट्रिक वाली इस बैच के छात्र छात्राओं ने अपने आयोजन का शुभारंभ सरस्वती वंदना और गुरूजनों की चरण वंदना से किया। सभी ने अपने वृहद और सेवानिवृत्त हो चुके गुरूजनों के घर जाकर उन्हें वंदना कर उन्हें भेंट प्रदान की।

इस अवसर पर शालेय प्रार्थना, व्याख्यान, छात्र संगोष्ठी, परिचय संवाद, राष्ट्रगीत और स्वरूची भोजन भी हुआ। मूलक सर, बाबुराव कावले सर, विठ्ठल भांगे सर, लोखंडे सर, महेंद्र भांगे सर, वर्तमान प्राचार्य रविंद्र खोडे सर, शाला समिति सचिव गोविंद अग्रवाल, वृंदेश धर्माधिकारी, चंद्रकांत धर्माधिकारी इन सभी का सत्कार कर आशिष ग्रहण किया गया। सत्यम शिवम सुंदरम् इस गीत पर आरती जैन ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। पवन क्षत्रीय एवं पवन जुनेजा द्वारा मधुर भावगीत का गायन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। मंच संचालन क्षितीजा निंबालकर तथा पवन क्षत्रीय द्वारा किया गया। बेबी अंवेशा कामडे ने सौदा खरा खरा गीत प्रस्तुत किया जिसे सभी ने पसंद किया। रूद्राक्ष बांबल ने मंच संचालन में सहयोग प्रदान किया। आयुष शक्करगाए एवं ब्रिजेश पोप्ट के दोस्ती डांस ने सभी को मंच पर आने के लिए प्रेरित किया। ठाकुर प्रवीन सिंह चौहान एवं श्रीमती माधवी की वैवाहिक वर्षगांठ को इस समारोह में दोगुने उत्साह के साथ मनाया गया। लता बांबल ने भी अपने सुमधुर गीत से सभी मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व छात्र प्रवीन सिंह चौहान के सहयोग के लिए सभी छात्र छात्रों ने इनका आभार व्यक्त किया।

### कपुर किनकर बने व्यवसाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष



**पांढुर्णा।** कल स्थानीय पवार भवन में पवार समाज संगठन पांढुर्ना के अध्यक्ष भागचंद देशमुख के अध्यक्षता में पवार समाज व्यावसायिक संगठन का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष के रूप में कपुर किनकर को मनोनीत किया गया। इस मौके पर नव मनोनीत अध्यक्ष कपुर किनकर ने वरिष्ठ सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए प्रामाणिक रहकर संगठन के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया।

### ग्रीष्मकालीन हिन्दू संस्कार शिविर का शुभारम्भ

**जुन्नारदेव।** ग्रीष्मकालीन हिन्दू संस्कार शिविर का शुभारंभ 31 मई से नगर के नन्दलाल सूद स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया. शिविर के प्रथम दिवस 150 से अधिक बच्चों ने शिविर में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुन्नारदेव के द्वारा किया जायेगा. 31 मई से प्रारंभ हुए उक्त शिविर में विभिन्न गणों का आयोजन कर बच्चों को संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति,विकास,व्यक्तित्व की की शिक्षा से बालकों को अवगत कराया गया. शिविर में गणों में गण शिक्षकों ने बालकों को अलग अलग काल खंडो मे विभिन्न संस्कार से अवगत कराया.नगर जुन्नारदेव में 31 मई से 10 जून 2025 तक शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है. शिविर प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तकनन्दलाल सूद स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है. इस विशेष शिविर मे बालकों को भारतीय संस्कृति, योग, खेलकूद, नेतृत्त्व विकास,देशभक्ति गीत व प्रेरक कहानियों से संस्कारित किया जा रहा है।

## जैन समाज ने मनाया श्रुत पंचमी महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जेष्ठ शुक्ल पंचमी के शुभ दिन सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा विविध अनुष्ठानों के साथ मां जिनवाणी की मंगल आराधना करते हुए श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया।जिनवाणी चल समारोह निकला -फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव की खुशी में प्रातःकाल की शुभ बेला पर बड़ी संख्या में जिनशासन सेवकों ने गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ श्रुत पंचमी पूजन कर मां जिनवाणी की आराधना कर जिनवाणी चल समारोह निकाला जिसमें रजत विमान में जिनवाणी विराजमान करने का सौभाग्य श्रीमती आशा विजय कौशल परिवार को मिला एवं चंबर डोरने का सौभाग्य आर्जव सचिन पांडे तथा आर्जव ठोलिया कन्नड़ को मिला। शौभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर मंगलगान के साथ जिनशासन की प्रभावना की। नगर भ्रमण करते हुए चल समारोह वीतराग भवन पहुंचा जहां मुख्य अतिथि जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ हुआ।

## संस्कारवान समाज के लिए कौशल शिविरों का हो आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर में चल रहे कन्या कौशल शिविर समापन विधायक विजय चौरे के प्रमुख उपस्थिति में किया गया।शिविर के दौरान मध्य प्रदेश के पांच जिलों से 371 से अधिक बिटिया नहीं शामिल होकर शिविर का लाभ लिया।शिविर के दौरान बेटियों को वर्तमान और भावी पीढ़ी को दिशा प्रशस्त करने वाला यह शिविर,सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग, ध्यान, प्राणायाम, सामाजिक, वैचारिक प्रदूषण से स्वय कैसे सुरक्षित रहे , हम और हमारी सांस्कृतिक विरासत आदि विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। शिविर संयोजक कैलाश चौधरी ने बताया कि शिविर के सफलता पूर्वक संपन्न करने सभी सहयोगियों से अनन्य सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा ऐसे शिविरों का क्षेत्र में लगातार आयोजन होना चाहिए, ऐसे आयोजनों से ही हम संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकते हैं, वर्तमान परिवेश में बच्चों के साथ बेटियों और युवाओं को संस्कारों की अत्यंत आवश्यकता है। कन्या कौशल शिविर जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए हम एक सुंदर शिक्षित और संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकते हैं।आयोजन की सफलता के लिए सभी आयोजन कमेटी के सदस्य बधाई के पात्र है।आयोजन में पूर्व सौसर नगर नगराध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद डागा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी के द्वारा कन्या पूजन किया गया। पिपला नप अध्यक्ष अरुणा चौधरी ने नगर में पधारी पांच जिलों की कन्याओं का आभार व्यक्त किया।

शिविर के दौरान बैतूल जिले जिला सह समन्वयक रविशंकर पारखी ने एक शिविर बैतूल में करने की घोषणा की,सिवनी में सुरेंद्र साहू,पांढुर्णा में नारायण कालभूत, इंदरचंद सतीजा ने स्वीकृति प्रदान की है,अंत में कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान उपजोन कार्यवाहक किशोर किनकर ने शिविर समापन की घोषणा कि। इस अवसर पर गायत्री परिवार के ईश्वरीलाल त्रिवेदी, ढोबले काकाजी, कामडे मनोहर पवार के अलावा बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

## फिक्स वेतन कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में पुनः कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में कार्यरत फिक्स वेतन कर्मचारियों , जो पिछले लगभग एक माह से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर थे के द्वारा हड़ताल समाप्त कर दी गई है । सभी कर्मचारी पुनः अपने कार्यस्थलों पर लौट आए हैं ।हड़ताल समाप्त कराने में वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अनुज पाटकर एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दोनों पार्षदों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के मध्य सार्थक मध्यस्थता कर हड़ताल समाप्ति की घोषणा की गई ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक श्रम आयुक्त छिंदवाड़ा द्वारा कर्मचारियों को यह आश्वासन दिया गया , कि उनकी लंबित मांगों पर शीघ्र ही विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी और कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए यथोचित निर्णय लिया जाएगा ।सभी फिक्स वेतन कर्मचारियों ने वार्ड पार्षदगण तथा संबंधित अधिकारियों का आभार प्रकट किया एवं यह आशा जताई कि परिषद व प्रशासन द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में जल्द ही ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे ।

## सुरेश चौरे का सेवानिवृत्ति पर हुआ स्वागत-सत्कार

**सौंसर।** शनिवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोपरावाड़ी में पदस्थ औषधालय सेवक सुरेश चौरे का सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय चौरे, पूर्व विधायक अजय चौरे,पांढुर्णा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजू परमार ,जिला आयुष अधिकारी डॉ प्रियंका उईके,चिदभाजी सरोदे,पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ दत्तात्रेय भदाडे,डॉ सोनी डॉ नागदेव, आदि थे। आयोजन के दौरान उपस्थितों के द्वाराआयुर्वेदिक औषधालय में उत्कृष्ट सेवाएं निरंतर प्रदान करने पर सुरेश चौरे का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह के साथ में स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन के दौरान विधायक विजय चौर के द्वारा सभी की ओर से सेवानिवृत हुए श्री चौरे के सुखद स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।सेवानिवृत हुए सुरेश चौरे के द्वारा शासकीय सेवाओं में एवं विभाग में किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मिले वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग एवं प्रेम के लिए आभार व्यक्त किया।



## थाने में महिला सशक्तिकरण पर हुई सकारात्मक चर्चा



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर शनिवार को दोपहर 02 बजे कटंगी थाना परिसर में महिला सशक्तिकरण पर सकारात्मक चर्चा का आयोजन किया गया. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा और थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के साथ आयोजित इस चर्चा में कटंगी शहर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने हिस्सा लिया. एसडीओपी ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन जन कल्याण सनातन संस्कृति के उत्थान और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित रहा है. उन्होंने भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में मंदिर, घाट, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए और आदर्श न्याय व्यवस्था स्थापित की. उनका योगदान भारत की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरणा देता रहेगा. थाना प्रभारी ने कहा कि रानी ने समाज सुधार, न्याय और महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए. इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी में संचालित होने वाली गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और कहा कि किसी भी प्रकार की मदद के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।

# अवंती नगर कालोनी के भूमि स्वामी व कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायें: सीएमओ

### कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने दिया आदेश, नागरिकों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगरपालिका परिषद वारासिवनी अंतर्गत वार्ड नम्बर 3 में अवंती कालोनी के नाम से प्लाटिंग कर बिना वैधानिक अनुमति प्लॉट बेचने वाले भूमि स्वामी एवं कालोनाईजर की जॉच व परीक्षण कर नियमानुसार पुलिस थाने में एफ आई आर दर्ज करने के आदेश एसडीएम वारासिवनी द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद वारासिवनी को दिया गया हैं।

**पटवारी व अधिकारियों में वर्षो से चल रहा अवैध कालोनी बनाने का कार्यः** उल्लेखनीय हैं कि वारासिवनी नगर व क्षेत्र में अवैधानिक रुप से प्लाटिंग कर बेचने व कालोनी बनाने का खेल वर्षो से पटवारी व प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा हैं। जिसमें कालोनाईजरों के लुभावने वादे में फॅस कर नागरिकगण इन कालोनियों में प्लाट लेकर मकानों का निर्माण कर लेते हैं। लेकिन बाद में कालोनाईजरों द्वारा इन प्लाटिंग व कालोनियों में किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती हैं। जिसके बाद उपभोक्ता परेशान होकर इन्हीं अधिकारियों के चक्कर लगाते रहता हैं। किंतु अधिकारियों द्वारा भी ऐसे मामले में टालमटोल कर रवैया अपनाया जाता हैं और कालोनाईजरों व भूमि स्वामियों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती हैं।

**अवंती नगर के निवासियों ने की थी कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायतः** इन कालोनाईजरों की धोखाधड़ी का शिकार हुए वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 में बनी अवंती नगर कालोनी के निवासियों क्रमशः ज्योति बाहेश्वर, पुस्तकला मेश्राम, ललित चिचखेड़े, सोहित सेन्द्रे, धमेन्द्र सोनवाने, नरेन्द्र कटरे, ममता कटरे, सुरेन्द्र पन्द्रे, दुर्गा देशमुख, विनीता कुर्वेती आदि ने कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में जनवरी 21, 10 सितम्बर 24, 24 सितम्बर 24 व 27 मई 25 को एक शिकायत कर भूमि स्वामी व कालोनाईजरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मॉग की थी। शिकायत में नागरिकों ने लिखा था कि कमलेश भीकम सिंह नगपुरे निवासी लालपुर, लीलचंद चमरा सलामे निवासी टेकाड़ी, मेसर्स महेश्वर राईस इंडस्ट्रीज की ओर से भागीदार नीरज इन्द्रकुमार सोनी वार्ड नम्बर 12 वारासिवनी, संदेश महेश्वर प्रसाद मिश्रा वार्ड नम्बर 4 वारासिवनी और पटवारी राजकुमार पिछोड़े वार्ड नम्बर 3 ने अवंती नगर नाम से कालोनी बनाकर प्लाटिंग कर बेचने का कार्य किया था। इन सभी ने सर्वसुविधायुक्त कालोनी बनाकर देने की बात कहकर उन्हें वर्ष 2019 से प्लाट बेचे, जिस पर उन्होंने नगरपालिका परिषद वारासिवनी और ग्राम पंचायत वारा से अनुमति लेकर मकानों का निर्माण किया। लेकिन मकान निर्माण के बाद जब इन भूमि विक्रेताओं व कालोनाईजरों से कालोनी में सडक़, नाली, बिजली, पानी, बगीचा व अन्य सुविधाओं की मॉग की गई, तो उनके द्वारा लगातार आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। जिससे कालोनीवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।



**कलेक्टर के निर्देश पर जॉच उपरांत एसडीएम ने किया था अवैध घोषित कालोनी कोः** कालोनीवासियों की शिकायत के बाद कलेक्टर बालाघाट के निर्देश पर एसडीएम वारासिवनी ने कालोनी की जॉच करवाई और उसे अवैध घोषित करते हुए वहॉ पर खरीदी बिक्री में रोक लगा दी थी, लेकिन अवैध कालोनी बनाने वाले भूमि स्वामी व कालोनाईजर के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की थी। जिसके खिलाफ कालोनीवासियों ने 27 मई को कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में शिकायत कर कार्यवाही की मॉग की थी। जिस पर कलेक्टर बालाघाट ने प्रकरण में भूमि स्वामी व कालोनाईजर के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाने के आदेश दिए थे।

**28 मई को सीएमओ को पत्र लिखकर 3 दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का दिया आदेशः** कलेक्टर बालाघाट के आदेश के बाद एसडीएम वारासिवनी राजीव रंजन पांडे ने 28 मई 25 को मुख्य नगरपालिका परिषद वारासिवनी को पत्र जारी कर शिकायत के तथ्यों के संबंध में तत्काल जॉच/परीक्षण कर नियमानुसार एफ आई आर दर्ज कराने की कार्यवाही करे एवं सम्यक कार्यवाही का प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत सहित 3 दिवस के भीतर अनिवार्यतः इस कार्यालय को उ पलब्ध करावे, ताकि प्रतिवेदन कलेक्टर बालाघाट की ओर प्रेषित किया जाकर जन आकांक्षा पोर्टल पर अविलंब फीड किया जा सके।

### अपराध दर्ज, शिकायत के बाद भी पुनः दी जान से मारने की धमकी

## पुरानी रंजिश में एक ही परिवार के लोगों के साथ साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के वार्ड नं 02 आवास कालोनी में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। इस संबंध में पुलिस जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्रीमती तोमेश्वरी तुरकर ने बताया की विगत 20 मई की सुबह पड़ोसी इशुकांत काड्डे और उसकी पत्नी सविता काड्डे के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मेरे पति क्रांति तुरकर को मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गालिया देने लगे तब मेरे पति क्रांती ने गाली देने से मना किया तो इशुकांत ने मेरे पति को बांस के डंडा से पीठ मे मारा एवं मैं और मेरा लडका साहिल बीचबचाव करने गये तो इशुकांत ने मुझे तथा मेरे लडके साहिल को बांस के डंडा से मारा तथा इशकांत की पत्नि सविता काड्डे ने हाथमुक्के से मारपीट की तथा थोडी देर बाद सविता काड्डे की मौसी बहन रीता और उसका पति अजय दोनो आये और हम लोगो को गालीगुप्तार करने लगे तथा अजय ने कुल्हाडी के बेसे से मेरे पति के सिर, मस्तक पर मारा एवं उसकी पत्नि रीता ने भी हमारे साथ धक्का मुक्की, मारपीट की थी जिसकी शिकायत हमारे द्वारा लांजी थाने में की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों ईशुकांत काड्डे, सविता काड्डे, अजय नरताम और रीता नरताम के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) 2023 के तहत धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) अपराध पंजीबद्ध कर समझाईश दी थी। परंतु उक्त घटना के दस दिनों के बाद पुनः इशुकांत काड्डे और उसकी पत्नी सविता काड्डे के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौच की है। और ईशारों ईशारों से चाकू छुरी से मारने की बात करता है जिससे परिवार के लोगों में भय का माहौल है। वहीं इस संबंध में पुनः शिकायत मिलने पर लांजी पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु आश्वस्त किया है।

# एक तरफ कॉम्प्लेक्स मरम्मत के नाम पर जनपद में बैठक तो दूसरी तरफ धड़ल्ले से जारी है कमरों की कालाबाजारी

### जप लांजी अंतर्गत सराय कॉम्पलेक्स का मामला

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत सराय कॉम्पलेक्स में कमरो के आबंटन और उनमें व्यापार करने वाले व्यापारियों को लेकर हमेशा ही विवाद की स्थिति रही है। वहीं इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बीते दिनों जनपद पंचायत लांजी के सभागार में सराय कॉम्पलेक्स के मरम्मतीकरण को लेकर जनपद के अधिकारियों और नगर के व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सभापति दिनेश लाड़े, रेवाजी करहाटकर, टूमनलाल घोरमारे, युवराज पटले, विधायक प्रतिनिधि सोहन उपराडे, सीईओ रामगोपाल यादव सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। परंतु उक्त बैठक का नतीजा भविष्य में निकलेगा या नहीं इस पर संशय बना हुआ है। कारण यह की जनपद अंतर्गत सराय कॉम्प्लेक्स में विगत कई वर्षों से चली आ रही कमरो की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। जनपद पंचायत लांजी द्वारा जिन व्यक्तियों को व्यापार हेतु कमरे आबंटित किये गये है उनके द्वारा न तो उन कमरो में व्यापार किया जा रहा है और न ही कोई समुचित उपयोग।



**किराये और पगड़ी की कालाबाजारीः** अक्सर ऐसा देखा जाता है की किसी निजी कॉम्प्लेक्स या लॉन, धर्मशाला को किराये पर पगड़ी देकर लीज पर या किराये पर लिया जाता है परंतु शासकीय संपत्ति को निजी व्यक्तियों द्वारा पगड़ी लेकर किराये पर दिया जाना पुरे जिले में इकलौता ऐसा मामला है जिस पर जिला मुख्यालय में बैठे अधिकारियों को भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लांजी जनपद अंतर्गत सराय कॉम्पलेक्स में लगभग तीन दर्जन कमरों का आबंटन आज से वर्षो पूर्व नगर के जरूरतमंद लोगों को अपनी जीविकापार्जन के लिये व्यवसाय करने हेतु दिया गया था परंतु मिट्टी के मोल पर मिले कमरों से आर्थिक लाभ कमाने का जो उपाय इन व्यापारियों ने निकाला वह अधिकारियों के लिये भी एक सबक की तरह है। व्यापारियों द्वारा इन कमरों का स्वयं उपयोग न करते हुए इसे ऊंची दर पर अन्य लोगों को किराये पर देकर जमकर मुनाफा कमाने का कार्य किया जा रहा है जिसकी भनक तक जनपद के अधिकारियों को नहीं है।

**मिल चुका है नोटिस, फिर भी नहीं आ रहे बाजः** इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी लांजी द्वारा बीते दिनों ही सराय कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों को इस संबंध में नोटिस भी भेजा गया है परंतु अब तक किसी भी व्यापारी के द्वारा उक्त नोटिस का संतोषजनक जवाब जनपद पंचायत को नहीं दिया है। वहीं जनपद पंचायत से नोटिस मिलने के पश्चात भी असल दुकानदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है और लगातार नियमों का मखौल उड़ाते हुए किराये और पगड़ी लेने की कालाबाजारी करते जा रहे है। परंतु अब जब जनपद पंचायत में सराय कॉम्पलेक्स के मरम्मत को लेकर जो बैठक आयोजित की गई जिसमें लिये गये निर्णय अगर अमल में आते है तो लाखों रूपये की पगड़ी देने वाले नकली दुकान मालिकों पर इसका क्या असर पड़ेगा देखने वाली बात होगी।

# लखनादौन नगर परिषद में लाखों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नई सीसी रोड,'तकनीकी लापरवाही' बनी अभिशाप

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। लखनादौन, 30 मई, 2025ः नगर परिषद लखनादौन के वार्ड नंबर 3 में मात्र दो दिन पहले बनी सीसी रोड भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तड़प रही है। दामोदर दुबे के घर से शीत तिवारी के घर तक निर्मित यह लाखों रुपये की लागत से बनी सड़क, निर्माण कार्य में की गई घोर तकनीकी लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है।**



तकनीकी मानदंडों की अनदेखी और गुणवत्ता से समझौता यह बेहद चिंताजनक है कि नौतपा की चिलचिलाती धूप में इस सीसी रोड का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन इसके निर्माण के बाद क्यूरिंग (तराई) जैसी अनिवार्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। सीसी रोड की मजबूती और टिकाऊपन के लिए निर्माण के बाद कम से कम सात दिनों तक नियमित रूप से पानी की तराई अत्यंत आवश्यक होती है। इसके अभाव में कंक्रीट अपनी अपेक्षित शक्ति प्राप्त नहीं कर पाता और सड़क जल्द ही खराब हो सकती है। न तो इस पर पानी डाला गया है और न ही मिट्टी की कोई परत बिछाई गई है, जो स्पष्ट रूप से निर्माण में तकनीकी अनियमितताओं और जनता के पैसों से खिलवाड़ को दर्शाता है।

### सीएमओ की चुप्पी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि यह भ्रष्टाचार की हद है। उन्होंने इस मामले में नगर परिषद के सीएमओ पांडे जी से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। सीएमओ की यह अनुत्तरदायित्वपूर्ण चुप्पी भ्रष्टाचार के आरोपों को और भी मजबूत करती है। एक नई बनी सड़क का इस तरह 'पानी को तरसना' न सिर्फ घटिया निर्माण की कहानी कहता है, बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। जनता इस लाखों रुपये के भ्रष्टाचार और तकनीकी लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। इस महत्वपूर्ण मामले पर हमारी पैनी नज़र बनी रहेगी।**

## खबर संक्षेप



### स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया को पेपर लेस रूप से सम्पन्न कराने को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्थानीय निर्वाचन में पेपरलेस निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए मॉक पोल के बारे में मैदानी अमले को अवगत कराने के लिए तहसील कार्यालय बरघाट एवं ग्राम पंचायत अरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर द्वारा नवीन प्रक्रिया के बारे में विस्तार में जानकारी देकर सॉफ्टवेयर बेस सिस्टम के बारे में उपस्थित मैदानी अमले को संपूर्ण जानकारी दी।

### 2 जून से 09 जून तक होंगी 5 वीं 8 वीं परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के आदेशानुसार कक्षा 5वीं व 8वीं की मुख्य परीक्षा में असफल/अनुपस्थित छात्रों की पुनः परीक्षा सत्र 2024-25 निर्धारित समय सारणी अनुसार 02 जून 2025 से 09 जून 2025 के मध्य आयोजित की जावेगी। पुनः परीक्षा हेतु 80 जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत 70 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा केंद्रअध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति की जाकर पुनः परीक्षा हेतु पात्र समस्त बच्चों को प्रवेश पत्र वितरित किए जा चुके हैं। पुनः परीक्षा में कक्षा 5वीं के 4,062 एवं कक्षा 8वीं के 11,343 कुल 15,405 छात्र सम्मिलित होंगे। पुनः परीक्षा में पात्र छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बीआरसीसी, जनशिक्षक एवं संस्था प्रमुख समस्त जिला सिवनी को निर्देशित किया गया है।

# घर से स्कूटी चुरा कर ले गये चोर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इन दिनों जिले भर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सूने घरों, दुकानों में जहां चोर धावा बोल रहे हैं। वहीं मंदिर की दान पेटी हो या घर के आंगन में रखे वाहन ही क्यों ना हो चोरी की बढ़ती घटनाओं से पुलिस की कार्यवाही, पुलिस गश्ती पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड बंडोल निवासी अमन यादव के घर में रखी सफेद रंग की स्कूटी MP22 S 0783 शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 3 बजे चोर स्कूटी चुरा कर ले भागा। चोरी की इस घटना की रिपोर्ट बंडोल थाने में दर्ज कर दी गई है।

### घायल माँ-बेटा, डायल-112/100 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना बंडोल क्षेत्र में बंटी ढाबे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साईकिल से गिरकर माँ-बेटा घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 30-05-2025 को प्राप्त हुई सूचना प्राप्ति पर तत्काल बंडोल थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक सतेन्द्र चंद्रवंशी एवं पायलेट अखिलेश साहू ने मौके पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साईकिल से गिरकर माँ-बेटे घायल हो गए थे। डायल-112/100 जवानों ने घायल पार्वती पत्नी सियाराम भारती उम्र 55 साल एवं रामकुमार पिता सियाराम भारती उम्र 28 साल दोनों निवासी खैरी चैतू को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय सिवनी में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# कन्या महाविद्यालय मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार नेतासुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी की प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले के संरक्षण में 31 मई 2025 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डिम्पल डेहरिया के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित तंबाकू निषेध दिवस के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर छात्राओं ने जिला प्रशासन की ओर से आयोजित रैली में भी भाग लिया जिसमें उन्होंने आसपास के रहने वाले लोगों को मधपान के उपयोग से होने वाले प्रभाव नशे से बचने के उपाय एवं नशा छोड़ने के अचूक नुस्खे साझा किये। डॉ. अनिता भट्ट द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर व्याख्यान में यहां बताया गया कि तंबाकू एक ऐसा नशा है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर को खोखला कर देता है, इसका सेवन (धूम्रपान सिगरेट बीड़ी गुटखा) और खैनी आदि के रूप में किया जाता है तंबाकू में हानिकारक रसायन होता है जो शरीर में कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है जैसे कैंसर, हृदय रोग, श्वासन तंत्र की समस्या दांतों का खराब होना तंबाकू का सेवन केवल स्वयं के लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए हानिकारक होता है, डॉ. शेषराव नावागें द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्राओं को बताया गया कि आजकल सरकार और सामाजिक संस्थाएं तंबाकू के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। स्कूल कॉलेज और गांव में पोस्टर रैलियां और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया जाता है, जो लोग तंबाकू नहीं लेते है वे भी परोक्ष रूप से पेंसिव स्मोकिंग का शिकार हो जाते हैं, इसलिए सार्वजनिक स्थानों पर रोक लगाई गई है, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, रैली जिसमे छात्राओं की सहभागिता रही।

हम सब ने यहां ठाना है, तंबाकू को जड़ से मिटाना है- इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ओमप्रकाश सरवैया,प्रो. नरेन्द्र भीमटे, प्रो. पंकज शेन्डे और डॉ. एस.आर नावागें, डॉ. सोहनलाल अहिरवार डॉ अनिता भट्ट का विशेष योगदान रहा, समस्त प्राध्यापक एवं छात्राओं द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलाई गई जिसमें हम सब ने यहां ठाना है, तंबाकू को जड़ से मिटाना है।

### मां नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा व ग्राम जन चौपाल हुई संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश के 16 जिलों के 51 विकास खण्डो में वन दाहिनी मां नर्मदा के जल को निर्मल तथा प्रवाह को अविरल बनाए रखने हेतु मां नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का 25 मई को मंडला लोकसभा सांसद माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते ,सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री माननीय करण वर्मा और राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने चुनरी अर्पित कर इस यात्रा का भव्य शुभारंभ किया।

सिवनी जिले के कलेक्टर सुसंस्कृति जैन ने सभी नर्मदा तटीय ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के आयोजन व नर्मदा पथ की अधतन जानकारी देने मे सहयोग हेतु निर्देश जारी किये है, सिवनी जिले में यात्रा का नेतृत्व जिला अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला कर रहे हैं उनके साथ नवंकुर/ प्रफूटन समितियां के प्रतिनिधि तथा समस्त परामर्शदाता चल रहे हैं यह यात्रा जिले के विकासखंड घंसौर के दक्षिण तट के ग्राम झुरकी से शुरू कर आज 29 मई को नर्मदा उत्तरी तट ग्राम पायली में शाम 6बजे विशेष पूजन-अर्चन कर यात्रा का समापन किया गया।



# शासकीय हाई स्कूल तिलक में ग्रीष्मकालीन समर कैंप योग प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय हाई स्कूल तिलक में ग्रीष्मकालीन समर कैंप अंतर्गत योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें योगाभ्यास का लाभ ले रहे छात्र-छात्राओं ने आज इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी योग कला का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रिंसी सनोडिया, महिमा ठाकुर, टिंकल डेहरिया, ईशांत अवस्थी ने योग आसनों का बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। तिलक स्कूल में चल रहे समर कैंप में छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास के अलावा संस्कृत भारती की ओर से अखिलेश श्रीवास्तव के द्वारा संस्कृत संभाषण (संस्कृत में वार्तालाप) करना भी सिखाया जा रहा है। जिसमें बहुत ही सरल माध्यम से संस्कृत में वार्तालाप करने की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। और छात्र-छात्रायें बहुत ही अच्छे वातावरण में संस्कृत सीख रहे हैं। समर कैंप अंतर्गत वंदे भारती गीत पर शिक्षिका श्रीमती संतोषी ताराम द्वारा छात्र-छात्राओं को नृत्य का अभ्यास भी कराया जा रहा है। समर कैंप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रशिक्षक भवानी सिंह गहलोत एवं श्रीमति सीमा चौरसिया ने बताया कि प्रतिदिन सुबह एवं शाम को समर कैंप अंतर्गत छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया जा रहा है, ताकि ग्रीष्म ऋतु में वह एक नई विधा का ज्ञान प्राप्त कर अपने वन में इसका प्रयोग कर लाभान्वित हों। उन्होंने बताया कि इस समर कैंप का समापन 6 जून को किया जाएगा। उन्होंने कैंप में सम्मिलित सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस समर कैंप को संचालित करने में भवानी सिंह गहलोत, आर. एल.सिंगरोले, एम. एल. बघेल, श्रीमती सीमा चौरसिया, अखिलेश श्रीवास्तव, शिरीष तिवारी, श्रीमती संतोषी ताराम की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# नीलेश सनोडिया का नगर पालिका परिषद सिवनी में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

आज दिनांक 30/05/2025 को नगर पालिका परिषद सिवनी कार्यालय में उपस्थित समस्त भाजपा जनप्रतिनिधियों द्वारा संघ लोक सेवा आयोग वर्ष 2024 की अंतिम चयन सूची में 621 वीं रैंक प्राप्त करने वाले सिवनी जिले के ग्राम हिनोतिया के नीलेश कुमार सनोडिया को पुष्पमाला पहनाकर शॉल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया गया। एक मध्यम परिवार में जन्मे नीलेश कुमार सनोडिया के पिता श पुरूषोत्तम सनोड़यि कृषक है एवं इनकी माता आशा बाई सनोडिया गृहणी है जो कि सिवनी जिले के ग्राम-हिनोतिया के मूल निवासी है। इनकी आर्थिक स्थिति मध्यम होने के कारण इन्होने स्वयं तैयारी करते हुए तीसरे ही प्रयास में सफलता हासिल की ये उनका तीसरा प्रयास एवं द्वितीय इंटरव्यू था। इनके भ्राता छिंदवाड़ा मेडीकल कॉलेज में पदस्थ है।

# कोतवाली पुलिस हत्थे चढ़ा आईपीएल सट्टा,तीन युवक धराये

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा के निर्देशन में एवं सीएसपी श्रीमति पूजा पाँडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बावनकर ने अपने थाना स्तर पर टीम गठित की गई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



थाना प्रभारी कोतवाली को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ज्यारत नाका स्मार्ट किराना दुकान के सामने अभय वंशकार लखनऊ और बेंगलोर की टीम पर आईपीएल का मैच खेल रहा है। सूचना पर कोतवाली थाना की टीम ने दिनांक 27-05-2025 को शाम करीब 07.30 से 08.30 बजे के मध्य ज्यारत नाका क्षेत्र से एक संदेही को पकड़ा जो अपने मोबाईल से आन लाईन क्रिकेट सट्टा खेल रहा था। जिसे थाना कोतवाली लाकर पूछताछ कर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्द किया जाकर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी कोतवाली ने मामले की गंभीरता को देखते हुये सायबर सेल से मदद लेकर तत्काल एक टीम आरोपी के द्वारा दिये गये आन लाईन क्रिकेट की लाईन चलाने वाले सिवनी निवासी पियूष उदासी की तलाश पतारसी हेतु रवाना किया गया। कोतवाली टीम ने दुर्ग भिलाई एवं रायपुर के संबंधित स्थानों में जाकर लगातार दो दिनों तक आरोपियों की तलाश किया।

गिरफ्तार आतोषी 01 अभय पिता सुरेशकुमार निवासी नाका सिवनी। 02. पियूष पिता मेश उदासी विरामी झूलेलाल कालोनी मिलाकर पुर 03. रिवेश उर्फ दीन पिता दिलीप बाधवानी विलोकानीकपुर पकड़ाये।

# शिक्षक को सबसे पहले अच्छा विद्यार्थी होना चाहिए- प्रो. चंदेलकर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शिक्षक होना सौभाग्य की बात है. शिक्षक बनना हमारे पूर्व जन्मों का पुण्य प्रताप होता है. अच्छा विद्यार्थी होना एक अच्छे शिक्षक की पहचान होती है. हमेशा इमानदारी से विद्यार्थियों के हित में काम करें, तब ही शिक्षक अपने समाज और देश को आगे बढ़ा सकते हैं. उक्त आशय के विचार उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग के नवनियुक्त अतिरिक्त संचालक प्रोफेसर पीआर चंदेलकर ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग के रूप में अपने पहले दौरे पर पधारे प्रोफेसर चंदेलकर ने पीजी कॉलेज में अध्ययन और अध्यापन व्यवस्था का जायजा लिया और महाविद्यालय को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिये। जबलपुर संभाग में उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों को सक्रिय करने और शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ विद्यार्थियों को देने के लिए फेरबदल करते हुए शासन ने प्रोफेसर चंदेलकर को अतिरिक्त संचालक का जिम्मा सौंपा है।

# ग्राम मेहता में 2 जून से राम कथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर / लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मेहता में आगामी 2 जून 2025 से 9 जून 2025 तक भव्य राम कथा का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण होकर हाई स्कूल ग्राउंड पर संपन्न होगा जहां कथा का वाचन पू .विपिन बिहारी महाराज (राष्ट्रीय संत) के मुख से होगा ग्राम में राम कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ होकर हरि इच्छा तक चलेगी श्रद्धालु प्रभु राम की लीलाओं एवं मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों की कथाओं का श्रवण कर सकेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 2 जून को कहानी रेस्ट हाउस में महाराज के अगवानी के लिए समस्त ग्रामवासी



एवं क्षेत्रवासी अपने-अपने वाहनों से पहुंचेंगे इसके तत्पश्चात ग्राम मेहता में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिससे पूरे ग्राम एवं क्षेत्र राममय हो जाएगा एवं 8 जून 2025 दिन रविवार को राम कथा के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जो श्रद्धालुओं के लिए एक अत्यंत आध्यात्मिक अनुभव का अवसर प्रदान करेगा 9 जून 2025 सोमवार को हवन पूर्ण आहुति और विशाल भंडारा का आयोजन के साथ धार्मिक महोत्सव संपन्न होगा ग्राम मेहता के समस्त निवासियों ने श्रद्धालुओं और राम भक्तों से अपील की है की इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या पर उपस्थित होकर राम कथा की अमृतमय बर्षा में स्नान करके पुण्य लाभ प्राप्त करें इस आयोजन को सफल बनाएं ऐसे आयोजनों से आध्यात्मिक उन्नति होती है बल्कि सामाजिक एकता सद्भावना को भी नया बल मिलता है राम कथा का आयोजन निश्चित रूप से सभी के वन में शुभता और आनंद का संचार करेगा।

# जेएसपीएल नाइट टूर्नामेंटः बॉयस प्रेस, एमसी और यलगार ने जीते अपने मैच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जेएसपीएल टूर्नामेंट के चौथे दिन एमसी ग्राउंड पर दुधिया रोशनी में चार मैच खेले गए। पहले मैच में बॉयस और न्यू ग्रीन सिटी के मध्य हुआ। बॉयस के कप्तान आसिफ पटेल ने टॉस तकर पहले बल्लेबा करने का निर्णय लिया,बॉयस ने निर्धारित 10 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाकर 167 रन का लक्ष्य न्यू ग्रीन सिटी को दिया। बॉयस की और से इमरान ने 31 गेंद में 108 रन की शतकीय पारी खेली, शकील ने भी 50 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू ग्रीन सिटी में ने निर्धारित 10ओवर मै 2 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना पाई। और यह मैच 35 रनो से हार गई। न्यू ग्रीन सिटी की ओर से असलम ने शानदार 79 रनों की पारी खेली । इस मैच के मैन ऑफ द मैच इमरान रहे । दूसरा मैच प्रेस और कुरई वॉरियर्स के मध्य हुआ। कुरई वॉरियर्स के कप्तान ने टॉस तकर बल्लेबा करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट नुकसान पर 76 रन बनाकर 77 रनों को लक्ष्य दिया। कुरई वारियर्स की ओर से शैलेन्द्र ने सर्वाधिक 20 रनों की पारी खेली, प्रेस की ओर से वाहिद ने शानदार गेंदबा करते हुए दो ओवर में 10 रन देकर दो विकेट लिया ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस ने यह लक्ष्य 9 ओवर में 2 विकेट खोकर 82 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से त लिया । प्रेस क्लब की ओर से अंकित टेमरे ने 30 रन की शानदार पारी खेली। बंटी ने दो ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिया।

# लोकमता अहिल्या बाई की कल्याणकारी नीतियों में पूरे भारत में पहुँचाने का कार्य कर रही है भाजपा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में महिला संगोष्ठी एवं महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन शुभारंभ के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, कार्यक्रम आयोजक समिति की मातृशक्ति ने भारत माता,महारानी अहिल्याबाई होल्कर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में अतिथि परिचय और स्वागत के पश्चात कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधि मातृशक्ति एवं उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की हर महिला को देवी अहिल्याबाई होलकर की तरह बुद्धिमान, साहसी और न्यायप्रिय बनने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं आसेतु हिमाचल सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है। श्रीमती पटेरिया ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का वन संघर्ष, सेवा और शासन की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई एक साधारण परिवार से थीं, लेकिन उनकी भक्ति, तेजस्विता और सेवा भावना ने उन्हें महारानी से लोकमाता बना दिया। मात्र आठ वर्ष की उम्र में उनकी भक्ति से प्रभावित होकर राजा मल्हार राव होलकर ने उन्हें अपने पुत्र के लिए वधू के रूप में चुना। पति की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई ने संपूर्ण मालवा साम्राज्य की जिम्मेदारी संभाली और अपने कुशल शासन से एक नई मिसाल कायम की।

# राहुल गांधी देश में एकता और प्रेम की लड़ाई लड़ रहें है-जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

संविधान बचाओं यात्रा, इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ हुई, सुबह 10 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरीश चौधरी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तू पटवारी, जिले के प्रभारी सोहन वाल्मीकी, सहप्रभारी विवेक अवस्थी का आगमन हुआ, चारो विधानसभा से कांग्रेस जन बडी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। सर्वप्रथम इंदिरा भवन परिसर में स्थापित गांधी , तत्पश्चात स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी , स्व. सुविमला वर्मा , स्व. श्रीमती उर्मिला सिंह , स्व.हरवंश सिंह की प्रतिमा पर अतिथि गणो द्वारा माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा हरीश चौधरी एवं तू पटवारी का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संविधान यात्रा इंदिरा भवन से पैदल मार्च करते हुए डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पंहुची, जहाँ माल्यार्पण कर



संविधान बचाओं यात्रा रॉशि लॉन पंहुची। कार्यकर्ता संवाद सभा को सम्बोधित करते हुए हरीश चौधरी ने कहा मल्लिकार्जुन खड़गे , राहुल गांधी संगठन सृजन कार्यक्रम के लिए 3 जून 2025 को भोपाल पंहुच रहें है जिसमें ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। क्यों कि पार्टी को चुनाव मंच में विराजमान नेता नही ताते, अंतिम पंक्ति में बैठा कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव ताता है। यदि मंच में बैठे लोग चाह ले तो सिवनी जिले की चारो विधानसभा सीट त सकती है, हमें लोकसभा में हार का कारण भी देखना पडेग़ा। पूर्व मंत्री ठा. हरवंश सिंह जैसे नेता हुए जिन्होंने सिवनी को बहुत कुछ स्थायी विकास दिया है जीतू पटवारी ने कहा कि सिवनी कांग्रेस की धरती है जहॉ केन्द्रीय मंत्री स्व. विमला वर्मा, पूर्व राज्यपाल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्व. श्रीमती उर्मिला सिंह, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री ठा. हरवंशसिंह जैसे नेता हुए जिन्होंने सिवनी को बहुत कुछ स्थायी विकास दिया है सिवनी से यदि चारो विधायक तते सरकार कांग्रेस की बनती तो सिवनी से दो मंत्री होते कार्यकर्ताओं को सरकार से प्रताड़ति होना नही पड़ता।

आरोप प्रत्यारोप बंद कर, सुख को सुधरना होगा। राहुल गांधी देश में एकता और प्रेम की लड़ाई लड़ रहें है बाबा साहेब अम्बेडकर के रास्ते पर चल रहें है विश्व कल्याण की बात करते है वह दलित, आदिवासी, पिछडे, अल्पसंख्यक सबको साथ लेकर चलने की बात करते है चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा कर एकता का संदेश दिया।

### ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे की सिवनी बालाघाट लोकसभा का हिस्सा ही न हो-राजिक अकील

सिवनी, बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी सिर्फ वोट लेने के लिए सिवनी के चक्कर लगाकर, उन्हें सर्वाधिक वोट सिवनी से ही प्राप्त हुए है। किन्तु लोकसभा पंहुचने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे की सिवनी बालाघाट लोकसभा का हिस्सा ही न हो, यहॉ से निर्वाचित जनप्रतिनिधि सिवनी के साथ भेदभाव करेंगे, तो सिवनी के विकास का भगवान ही मालिक है। चिलचिलाती गर्मी में श्रीमती पारधी ने सिवनी के लोगो की परवाह न करते हुए पीने का पानी संजय सरोवर बांध से पानी अधिकारियों पर दबाव बनाकर बालाघाट वालो को देने का आदेश दिया, तब उन्होंने सिवनी की जरा भी चिंता नही कि की सिवनी की जनता को जलापूर्ति कहा से की जायेंगी। भला हो जिला कलेक्टर संस्कृति जैन का जिनकी सूझबूझ और प्रयासों से सिवनी को माचागोरा बांध का पानी मिला। लेकिन वह एक सप्ताह जब सिवनी नगर में पानी की हाहाकार मच गई थी तब भी सत्ता के नशे में मदमस्त श्रीमती पारधी ने सिवनी वालों की सूध नही ली, जो सांसद सिवनी से पीने का पानी छीन सकती है उनके क्या आशा की जाए, उनके द्वारा ऐसा कोई प्रयास नही किया गया, ताकि सिवनी की जनता को जलसंकट से राहत मिल सके, मुसीबत की इस घडी में उन्होंने सिवनी से दूरिया बना ली। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने बताया कि लगातार सिवनी की उपेक्षा करने वाली सांसद श्रीमती पारधी एक बार फिर सिवनी को नजर अंदाज करते हुए केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा दो नई सवारी गाडियो की सौगात बालाघाट को दिया है जबलपुर से रायपुर वाया बालाघाट, रीवा से पुणे वाया बालाघाट, जबकि होना यह था कि रीवा से पुणे रेल गाडी सिवनी, छिन्दवाड़ा होते हुए नागपुर जाना था जिससे दो जिलो में महाराष्ट्र से रेल सेवा से कनेक्टिविटी हो जाती, सिवनी को भी छत्तीसगढ़ से सवारी गाडिया मिलना चाहिए जिसकी मांग बहुत दिनों से की जा रही है जानबूझकर सांसद पारधी द्वारा सिवनी के साथ भेदभाव किया जा रहा है। सिवनी के सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा उनके इस कृत्य पर बधाई दी जा रही है क्या उन्हें सिवनी का नुकसान नजर नही आ रहा है।

# बकरीद त्यौहार को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, उपद्रवियों पर इनाम की घोषणा

**छपारा।** विगत 29 मई आगामी बकरीद त्योहार के मद्देनजर, छपारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कड़वी और ग्राम चंडी में एक जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने के उद्देश्य से की गई थी। छपारा पुलिस द्वारा एक प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में एसडीओपी लखनादौन पुलिस अपूर्व भलावी, छपारा नगर निरिक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार सहित वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणजनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और सभी को त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाने की हिदायत दी। दोनों गांवों में गुरुवार दोपहर हुई बैठक के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से गोवंश से संबंधित किसी भी प्रकार के अपराध को रोकने पर जोर दिया। यह स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति ऐसे किसी अपराध में लिप्त पाया जाता है या उसे करने का प्रयास करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। सिवनी जिला पुलिस अधीक्षक और जिला दंडाधिकारी सिवनी द्वारा एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई है।

ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो गोवंश से संबंधित अपराधों के बारे में सूचना देगा, उसे 5000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना और समुदाय में शांति व्यवस्था बनाए रखना है।यह जनसंवाद कार्यक्रम दर्शाता है कि स्थानीय प्रशासन त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक P-818 बजरंग घाट, शंकर घाट में रातोरात चल रही जेसीबी मशीन

# 1.5 करोड़ के कार्य में बालाघाट रेंजर की लीपापोती

## रेंजर धमेन्द्र बिसेन नियमों को ठेंगा दिखाते हुए कर रहे हैं करोड़ों के कार्य में भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर वन निर्माण कार्य में जहां एक ओर पूर्व में भी आग बुझाने वाले टेंकरो का निर्माण कार्य में उपयोग किया गया था,वहीं दूसरी ओर नगर वन निर्माण में भ्रष्टाचार निरंतर रूप से जारी हैं। इसी कड़ी में नगर वन निर्माण में जेसीबी से गड्ढे खोदे जा रहे हैं जिसे शाम को नगर वन निर्माण स्थल में चलते देखा जा सकता हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार लाखों की लागत से बन रहे नगर वन निर्माण में बालाघाट वन परिक्षेत्र के तहत कार्य किया जा रहा हैं। नगर वन निर्माण में फेंसिंग के कार्य किये जा रहें जिसमें मानक का ध्यान नहीं रखा गया हैं। तथा जो भी फेंसिंग के खम्बें लगना हैं उसकी खुदाई मजूदरों से कराई जानी थी किन्तु वनपरिक्षेत्र अधिकारी द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्या जेसीबी से गड्ढे किये जाने की अनुमति उक्त कार्य के स्टीमेंट में इंगित हैं, इसकी जांच कराई जावें। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक हैं कि नगर वन निर्माण स्थल पर कार्यों से संबंधी बोर्ड की नहीं लगाया गया हैं। निर्माण स्थल पर जेसीबी से शाम को गड्ढे खोदने के संबंध में वनमंडलाधिकारी, उपवनमंडलधिकारी तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी से फोन पर चर्चा करना चाही गई तो किसी भी अधिकारी द्वारा मोबाईल रिसीव नहीं किया गया।





**इनका कहना हैं**

आपके द्वारा बताया गया हैं मैं शीघ्र ही वनमंडलाधिकारी बालाघाट दक्षिण सामान्य को फोन करके जानकारी लेता हूं तथा अवैध रूप से चल रही खुदाई को बंद कराया जाएगा।

**गौरव चौधरी**
**मुख्य वनसरंक्षक बालाघाट**

## पशु चिकित्सा इकाई के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में पशु चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण चलित पशु चिकित्सा इकाई के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे जिले के 11 ब्लॉक में पशु उपचार, टीकाकरण और गर्भाधान सेवाएं रुक गई हैं।

टीएनएम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संचालित इस सेवा में कुल 33 आउटसोर्स कर्मी कार्यरत हैं। इनमें दो पशु चिकित्सक और तीन एवीएफओ शामिल हैं। डॉ. कृष्णकांत के अनुसार, कर्मचारियों का पीएफ और बीमा भी नियमित नहीं काटा जा रहा है। वाहनों के खराब पार्ट्स की भरपाई भी कर्मचारियों से की जाती है।

कर्मचारियों को न तो अवकाश की सुविधा मिल रही है और न ही एवीएफओ को बेसिक मानदेय दिया जा रहा है। नियुक्ति अनुबंध के अनुसार इंक्रीमेंट भी नहीं मिल रहा है।

पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. एन.डी. पुरी ने बताया कि सेवाओं को सुचारू रखने के लिए विभागीय कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानदेय जारी हो चुका है, लेकिन कर्मचारियों के खातों में पहुंचने में कुछ समय लगेगा। हड़ताल का मुद्दा शासन स्तर का मामला है।

प्रभावित ब्लॉक में बालाघाट शहर, बालाघाट, बिरसा, बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी, खैरलांजी, लालबर्रा, किरनापुर, लाजी और कटंगी शामिल हैं।

### एनसीसी का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर हुआ प्रारंभ

**बालाघाट।** कैम्प कमाण्डेन्ट ले.कर्नल विनीत कमल गुप्ता, 6 मप्र बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वाधान में एवं असिसटेंट कमिश्नर श्री राहुल नायक ट्राइबल, पी के अंगुरे, प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट (गोंगलई), के सहयोग से दस दिवसीय 99वां संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ शुक्रवार से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई में किया गया। इस शिविर में दिनांक 30 मई से 08 जून तक विभिन्न प्रकार के सैन्य एवं आत्मरक्षा तथा व्यक्तित्व निर्माण के प्रशिक्षण दिये जायेंगें। इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटस को योगा, पीटी, ड्रिल, शस्त्र विद्या, मैपरिडिंग, लीडरशिप, यातायात सुरक्षा, रास्ट्रीय एकता, भारतीय सेना में प्रवेश के अवसर विषय पर सतत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## विधवा महिला से रेप कर किया ब्लैकमेल




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक ट्रैवल्स संचालक ने विधवा महिला से रेप कर उसे ब्लैकमेल किया। पीड़िता ने शनिवार को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी राजा कुकरेजा को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित ने बताया कि उसने 2023 में आरोपी से डेढ़ लाख रुपए उधार लिए थे। इसके एवज में उसने अपनी जमीन के दस्तावेज और चेक दिए थे। महिला ने 16 दिसंबर 2024 को पूरी राशि लौटा दी। लेकिन आरोपी ने दस्तावेज वापस नहीं किए।

19 दिसंबर को दस्तावेज देने के बहाने आरोपी महिला को अपने फार्म हाउस ले गया। वहां उसने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 5 जनवरी 2025 को फिर एक निर्माणाधीन मकान में उसने महिला का शोषण किया। इसके बाद महिला ने आरोपी से बात करना बंद कर दिया।

आरोपी ने महिला का चेक बैंक में जमा कर दिया। उसने धमकी दी कि अगर महिला ने उसके साथ संबंध नहीं बनाए तो वह दस्तावेज नहीं लौटाएगा और जान से मार देगा। थाना प्रभारी विजय राजपूत के अनुसार, महिला की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।



## प्रेमनगर प्रवेश द्वार को पूर्ण करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में गोंदिया रोड से प्रेमनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर अधूरा पड़ा प्रवेश द्वार अब पूरा होगा। गायत्री मंदिर ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डॉ. चारुदत्त जोशी के नेतृत्व में गायत्री परिवार ने नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर से मुलाकात की।प्रवेश द्वार का निर्माण पूर्व नपाध्यक्ष उषा चौरसिया के कार्यकाल में शुरू हुआ था। स्ट्रक्चर खड़ा होने के बाद काम रुक गया था। गायत्री परिवार ने इस अधूरे द्वार को पूरा कर इसे 'गायत्री मंदिर शक्तिपीठ द्वार' नाम देने की मांग की है। नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने जल्द ही इस मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

## बेहरई में हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लालबर्रा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहररई में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा जानकारी एवं कृषि तकनीकों तथा किसानों को कृषि में दिये जा रहें नवाचारों की जानकारी, स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों , कृषि उधमी एवं प्रगतिशील किसानों के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने के लिए शासन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज बेहररई में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आज कार्यक्रम में शामिल हुए। कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को कृषि से जुड़ी हर तकनीकी के बारे में जानकारी दी गई। और किस तरह विकसित कृषि करना है।एवं अनेकों योजनाएं के बारे में बताया गया। जिसमें उत्पादन बड़ा सके और लागत भी कम लगे।



इस अवसर पर बेहररई सरपंच शारदा दिलीप टेम्भरे, दिलीप टेम्भरे भूतपूर्व सरपंच, रामप्रसाद बघेले स्थाई पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी उर्मिला शेंडे, माया पटले कृषि सखी, विकसित कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, समूह की महिलाएं, समूह के अधिकारी, एवं ग्राम बेहररई के किसान भाई मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर मिथलेश नागपुरे कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी क्षेत्र के युवा नेता मिथलेश नागपुरे कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए । गुरुवार को कांग्रेस पाट्री के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एंव कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एक कार्यक्रम एंव यात्रा में शामिल होने के लिए बालाघाट में आगमन हुआ था । इस दौरान मिथलेश नागपुरे ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एंव प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी से मुलाकात की और कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पाट्री में शामिल हुए। जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर की । यह जानकारी मिथलेश नागपुरे के द्वारा दि गई। उन्होंनो बताया की पहले मै कांग्रेस पार्टी में ही था लेकिन कुछ समय पहले पार्टी छोड़ दी थी, पुन मैने अपने साथियो के साथ कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम कर घर वापसी किया हू। उन्होंनो बताया की पार्टी वरिष्ठो के मार्गदर्शन में पार्टी के लिए काम किया जाएगा ।मिथलेश नागपुरे के पार्टी में वापस आने पर क्षेत्र व अंचल में कांग्रेस पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी साथ ही पार्टी जमीन स्तर पर मजबूत होगी और आगे बढ़ेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर की और हर्ष व्यक्त किया ।

### प्रदेश प्रमुख के आने से संगठन को मिली नई ऊर्जा- मधु भगत

## परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चौधरी व पटवारी का भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आगामी 31 मई को जबलपुर में आयोजित जयहिंद यात्रा के समापन को ध्यान में रखते हुए 29 मई को बालाघाट में संविधान बचाओं जयहिंद यात्रा व कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिये मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी विधायक हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का बालाघाट नगर की पावन धरा पर उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिये आगमन हुआ था। जिले की पावनधरा पर उनका प्रवेश परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पादरीगंज ग्राम से हुआ, इस बीच पडने वाले चांगोटोला, लामता और अन्य जगहों पर क्षेत्रीय विधायक मधु भगत के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका जगह जगह भव्य स्वागत किया। लामता में सरपंच प्रमोद ठाकरे के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस भ्रमण में प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कांग्रेस विपक्ष के रूप में मध्यप्रदेश के भीतर एक दमदार विपक्ष की भूमिका निभा रही है और जनहित से जुड़े वह सारे मुद्दों को वह मजबूती के साथ उठा रही है जो आवश्यक है। कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का परिचायक है कि आने वाले समय में हम सब मिलकर सत्ता परिवर्तन के वाहक बनेगें, जनता हमारे साथ है उन्होंने आव्हान किया कि कार्यकर्ता क्षेत्रीय समस्याओं को मजबूती के साथ शासन प्रशासन के समक्ष उठाकर उसका निराकरण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी।



जबकि क्षेत्रीय विधायक मधु भगत ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का आगमन परसवाड़ा विधानसभा की पावनधरा से जिले में होने जा रहा है। चूंकि दोनों की नेता राजनीतिक ऊर्जा से भरे हुए है उनके आने से पार्टी संगठन को जहां नई गति प्राप्त हुई वहीं कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ। हमने कोशिश की है कि दोनों की नेताओं के स्वागत सत्कार में कहीं कोई कमी न छोडी जाये। क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बना हुआ है। मैं भी एक विधायक के रूप में जनता के प्रति मेरी जो जिम्मेदारी है उन दायित्वों के निर्वाहन के लिये कहीं कोई कमी नहीं छोडी है। क्षेत्र में संगठन को भी गति प्रदान करने के लिये हर वह आवश्यक प्रयास किये जा रहे है जो समय के अनुसार अत्यंत आवश्यक है। परसवाड़ा के विकास के नियमबद्ध रूप से योजना बनाकर विकास की नई गति प्रदान करने के लिये निरंतर प्रयासरत है। मूलभूत सुविधायें स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल विद्युत सडक से संबंधित जो समस्यायें है उनको समय रहते समाधान किया जा सके।

### युवक की प्रताड़ना से युवती ने की थी आत्महत्या



**बालाघाट।** बालाघाट की लामता पुलिस ने एक युवती की आत्महत्या के मामले में 22 वर्षीय राजा साठे को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक प्रेम प्रसंग में युवती पर शादी का दबाव बना रहा था। युवती ने 24 मई को अपने घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया। परिजन उसे लामता अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। लामता पुलिस ने पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की। लामता थाना प्रभारी नितिन पटले के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर डॉक्टरों की टीम से पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट और परिजनों के बयान से पता चला कि ग्राम नरसिंगा निवासी राजा साठे मृतिका को शादी और प्रेम संबंध के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इसी परेशानी के चलते युवती ने जहरीली दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को आरोपी राजा साठे को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

### पैर फिसलने से कुएं में गिरी प्रौढ़ महिला हुई मौत

**कटंगी।** घर के पीछे खेत में बनी कुएं से पानी लेने गई महिला की पैर फिसलने से कुएं में गिरकर पानी में डूबने से मौत हो गई. घटना बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोपली की है. जहां एक प्रौढ़ महिला की मौत हुई है. घटना शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 06 बजे की है. शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे मृतक महिला के शव का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है. प्राप्त जानकारी अनुसार बोपली निवासी 50 वर्षीय महिला प्रमिला बाई राहंगडाले घर के पीछे बने खुले कुएं में पानी लेने के लिए गई थी जहां पैर फिसलने से कुएं में गिरकर पानी में डूबने से मौत हो गई. इस दुर्घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी. सूचना मिलने पर देर शाम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा कार्रवाई की।

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, प्रतिभावान बच्चों को किया गया सम्मानित

## खैरलांजी में अहिल्याबाई होल्कर की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील मुख्यालय में शनिवार को मां अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर महिला सशक्तिकरण के तहत बालिका सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान बालिका को सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष किशोर अमूले सहसंयोजक अहिल्याबाई होलकर जिला समिति, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती मधु शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार बहेटवार , मीडिया प्रभारी पलाश बिसेन , शिक्षण संस्थान के संचालक जितेंद्र बोहरे ,विजय भगत, पिरतलाल करपगये , सुश्री पूनम बागड़े सहित अन्य उपस्थिति रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान वक्तओ के द्वारा अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन संघर्ष के बारे विस्तृत रूप बताया गया । साथ ही महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक समृद्धि एवं सुशासन, कौशल, तथा राष्ट्र प्रेम की भावना को जन जन तक पहुंचाने के लिए उपस्थित छात्र, छात्राओं को संबोधित किया गया। इस दौरान बालिका सम्मान समारोह में खैरलांजी क्षेत्र की बेटी जाह्नवी लिल्हारे, ज्योति मसखरे ,अदिति नगपूरे ,त्रिवेणी बिसेन, सायली साखरे , प्राची बिसेन ,सिमरन नगपूरे , साहिना जमुरकर, सिम्मी लिल्हारे , कशिश बिसेन , हिमांशी लिल्हारे , गंगा बारमाटे ,सुनिधि नागपूरे, वंशिका नगपूरे, पूर्वा नगपूरे, प्रेरणा लिल्हारे , ज्योति उपवंशी , अनुपम सुलकिया, खुशी उपवंशी, साक्षी बोहरे को सम्मानित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय में मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएनएस कैडेट्स तथा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई एवं नगरवासियों को तम्बाकू खाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तम्बाकू निषेध दिवस के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही समस्त विद्यार्थियों को नशा न करने तथा नशा करने वालो को रोकने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एक कार्टून फिल्म के माध्यम से बताया गया की तम्बाकू खाने से हमारे शरीर में क्या क्या रोग होते है। इस दौरान समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

